(4) The accounts of the agency referred to in sub-section (2) shall be maintained and audited in such manner as may, in consultation with the Accountant General of the State be prescribed and the person holding the custody of the accounts of the agency shall furnish, to the State Government, before such date, as may be prescribed, its audited copy of accounts together with auditors' report thereon.

1. *Subs.* the word "Local Complaints Committee" by Repealing and Amending Act 23 of 2016, dated **6.5.2016,** *vide* Second Schedule, published in Gazette of India (Ex. Ord.) No. 26 Part II Sec. 1, dated **9.5.2016.**

अध्याय 4

परिवाद

9. लैंगिक उत्पीड़न का परिवाद.—(1) कोई व्यथित महिला कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न का परिवाद लिखित में घटना की तारीख से तीन मास की अवधि के अन्तर्गत और घटनाओं की शृंखला के मामले में अन्तिम घटना की तारीख के तीन मास की अवधि के भीतर आन्तरिक समिति को, यदि इस प्रकार गठित है या स्थानीय समिति को, यदि वह इस प्रकार गठित नहीं है, कर सकेगी:

परन्तु जहाँ ऐसा परिवाद लिखित में नहीं किया जा सकता, वहाँ आन्तरिक समिति का पीठासीन अधिकारी या कोई सदस्य या स्थानीय समिति का कोई सदस्य, यथास्थिति, लिखित में परिवाद करने के लिए महिला को सभी युक्तियुक्त सहयोग प्रदान करेगा:

परन्तु यह और कि आन्तरिक समिति या, यथास्थिति, स्थानीय समिति लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से समय सीमा का विस्तार तीन मास के अनधिक तक कर सकेगी, यदि उसे समाधान हो जाता है कि परिस्थितियाँ ऐसी थीं, जो महिला को उक्त अवधि के भीतर परिवाद दाखिल करने से निवारित की थी।

(2) जहाँ व्यथित महिला शारीरिक या मानसिक अक्षमता या मृत्यु के कारण या अन्यथा परिवाद करने में असमर्थ है, वहाँ उसका विधिक उत्तराधिकारी या ऐसा अन्य व्यक्ति, जैसा कि विहित किया जाय, इस धारा के अधीन परिवाद कर सकेगा।

Comments & Case Law

● याची ने दानापुर में पदस्थापित रहकर बाल विकास परियोजना, पदाधिकारी के पद पर कार्य करते हुए प्रत्यर्थी सं॰ 11 जो उस समय निदेशक समेकित बाल विकास योजना, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के पद पर पदस्थापित था, के हाथों लैंगिक उत्पीड़न के आरोपों का अभिकथित रूप से सामना किया था। तद्नुसार, उसने विभाग में परिवाद दाखिल किया। कमिटि के गठन के उपरांत, उसका परिवाद इसे स्थानान्तरित किया गया था। कमिटि ने सुनवाई की तथा कुछ गवाहों की परीक्षा की, पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की। सामान्य तौर पर, वह एक उचित प्रक्रिया होती। किन्तु चूँकि याची का परिवाद एक ऐसे उच्च पदासीन पदाधिकारी के विरूद्ध है कि कमिटि में शामिल कनीय पदाधिकारीगण संभवत: बिना किसी पक्षपात या पूर्वाग्रह के उसके परिवाद पर विचार करने की स्थिति में न हों, यह आशंका संभवत: सत्य हो या सत्य न हो पर इसपर विवाद नहीं किया जा सकता है कि याची के मन में आशंका युक्तियुक्त है। याची का परिवाद वापस राज्य स्तरीय समिति को स्थानान्तरित किया जाना चाहिए जो मामले की सुनवाई जारी रखेगा एवं यथाशीघ्र एक अंतिम निर्णय लेगा। समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को याची के परिवाद के अभिलेखों को सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय समिति को भेजने का निर्देश दिया गया जो मामले की सुनवाई यथासंभव यथाशीघ्र प्रारंभ करने के लिए मामले को कमिटि के समक्ष रखेंगे। **रश्मि सिंह बनाम बिहार राज्य**, *2013 (3) PLJR 898.*

10. सुलह.—(1) आन्तरिक समिति या, यथास्थिति, स्थानीय समिति, धारा 11 के अधीन जांच प्रारम्भ करने के पूर्व और व्यथित महिला के अनुरोध पर सुलह के माध्यम से उसके और प्रत्यर्थी के बीच मामले का निपटारा करने के लिए कदम उठा सकेगी:

CHAPTER IV

Complaint

9. Complaint of sexual harassment.—(1) Any aggrieved woman may make, in writing, a complaint of sexual harassment at workplace to the Internal Committee if so constituted, or the Local Committee, in case it is not so constituted, within a period of three months from the date of incident and in case of a series of incidents, within a period of three months from the date of last incident:

Provided that where such complaint cannot be made in writing, the Presiding Officer or any Member of the Internal Committee or the Chairperson or any Member of the Local Committee, as the case may be, shall render all reasonable assistance to the woman for making the complaint in writing:

Provided further that the Internal Committee or, as the case may be, the Local Committee may, for the reasons to be recorded in writing, extend the time limit not exceeding three months, if it is satisfied that the circumstances were such which prevented the woman from filing a complaint within the said period.

(2) Where the aggrieved woman is unable to make a complaint on account of her physical or mental incapacity or death or otherwise, her legal heir or such other person as may be prescribed may make a complaint under this section.

Comments & Case Law

● Petitioner, while working as Child Development Project Officer, posted at Danapur, allegedly faced some sexual harassment at the hands of respondent no.11 who was at that time posted as Director, Integrated Child Development Scheme, Department of Social Welfare, Government of Bihar. She, accordingly, filed her complaint in Department after constitution of Committee, her complaint was transferred to it. Committee held some hearing and examined some witnesses, but did not submit its report. In normal course, that would have been a proper procedure. However, since complaint of petitioner is against such a high rank officer that junior officers constituting the Committee may not be in a position to consider her complaint without any bias or prejudice, this apprehension may be correct or may not be correct, but cannot be disputed that apprehension in mind of petitioner is reasonable. Complaint of petitioner should be transferred back to State Level Committee which should continue with hearing of matter and come to a final decision at an early date. Principal Secretary of the Social Welfare department to directed to transmit records of complaint of petitioner to Member Secretary, State Level Committee who shall place the matter before Committee for resuming hearing of the matter as early as possible. **Rashmi Singh vs. State of Bihar, 2013 (3) PLJR 898.**

10. Conciliation.—(1) The Internal Committee, or, as the case may be, the Local Committee, may, before initiating an inquiry under Section 11 and at the request of the aggrieved woman take steps to settle the matter between her and the respondent through conciliation:

परन्तु कोई मौद्रिक निपटारा सुलह के आधार के रूप में नहीं किया जायेगा।

(2) जहाँ निपटारा उपधारा (1) के अधीन किया गया है, वहाँ आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, इस प्रकार किए गए निपटारा को अभिलिखित करेगी और उसे नियोजक या जिला अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए भेजेगी, जैसा कि सिफारिश में विनिर्दिष्ट है।

(3) आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, निपटारा की प्रतियाँ, जैसा कि उपधारा (2) के अधीन अभिलिखित है, व्यथित महिला और प्रत्यर्थी को प्रदान करेगी।

(4) जहाँ निपटारा उपधारा (1) के अधीन किया गया है, वहाँ कोई और जांच आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, द्वारा नहीं की जायेगी।

11. परिवाद की जाँच.—(1) धारा 10 के प्रावधानों के अध्यधीन, आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, प्रत्यर्थी को लागू सेवा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार परिवाद की जाँच करने की कार्यवाही करेगी, जहाँ प्रत्यर्थी कर्मचारी है और जहाँ कोई ऐसी नियमावली विद्यमान नहीं है, वहाँ ऐसे ढंग में जाँच की कार्यवाही करेगी, जैसा कि विहित किया जाय या घरेलू कर्मकार के मामले में, स्थानीय समिति, यदि प्रथम दृष्टया विद्यमान है, परिवाद को भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45), की धारा 509 और उक्त संहिता के किसी अन्य सुसंगत प्रावधानों के अधीन, जहाँ लागू हो, मामले को पंजीकृत करने के लिए सात दिनों की अवधि के भीतर पुलिस को परिवाद अग्रसारित करेगी:

परन्तु जहाँ व्यथित महिला आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, को सूचित करती है कि धारा 10 की उपधारा (2) के अधीन किए गए समझौता के निबन्धन या शर्त का अनुपालन प्रत्यर्थी द्वारा नहीं किया गया है, वहाँ आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति परिवाद की जाँच करने या, यथास्थिति परिवाद पुलिस को अग्रसारित करने की कार्यवाही करेगी:

परन्तु यह और कि जहाँ दोनों पक्षकार कर्मचारी हैं, वहाँ पक्षकारों को जाँच के दौरान सुने जाने का अवसर प्रदान किया जायेगा और निष्कर्ष की प्रति दोनों पक्षकारों को उन्हें समिति के समक्ष निष्कर्ष के विरुद्ध अभ्यावेदन करने के लिए समर्थ बनाते हुए उपलब्ध करायी जायेगी।

(2) भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) की धारा 509 में अन्तर्विष्ट किसी चीज के होते हुए, न्यायालय, जब प्रत्यर्थी को अपराध के लिए दोषसिद्धि किया जाता है, धारा 15 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए प्रत्यर्थी द्वारा व्यथित महिला को ऐसी धनराशि के भुगतान का आदेश दे सकेगा, जिसे वह समुचित समझे।

(3) उपधारा (1) के अधीन जाँच करने के प्रयोजन के लिए, आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, को निम्न मामलों के सम्बन्ध में वाद का विचारण करते समय ऐसी शक्तियाँ होंगी, जैसा कि सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अधीन सिविल न्यायालय में विहित है, अर्थात्-

(क) किसी व्यक्ति को समन करना और उपस्थिति को प्रवर्तित करना तथा शपथ पर उसकी परीक्षा करना;

(ख) दस्तावेजों को प्रकटन और पेश करने की अपेक्षा करना; और

(ग) कोई अन्य मामला, जो विहित किया जाय।

(4) उपधारा (1) के अधीन जांच नब्बे दिनों की अवधि के भीतर पूरी की जायेगी।

Provided that no monetary settlement shall be made as a basis of conciliation.

(2) Where a settlement has been arrived at under sub-section (1), the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall record the settlement so arrived and forward the same to the employer or the District Officer to take action as specified in the recommendation.

(3) The Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall provide the copies of the settlement as recorded under sub-section (2) to the aggrieved woman and the respondent.

(4) Where a settlement is arrived at under sub-section (1), no further inquiry shall be conducted by the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be.

11. Inquiry into complaint.—(1) Subject to the provisions of Section 10, the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall, where the respondent is an employee, proceed to make inquiry into the complaint in accordance with the provisions of the service rules applicable to the respondent and where no such rules exist, in such manner as may be prescribed or in case of a domestic worker, the Local Committee shall, if *prima facie* case exist forward the complaint to the police, within a period of seven days for registering the case under Section 509 of the Indian Penal Code (45 of 1860), and any other relevant provisions of the said Code where applicable:

Provided that where the aggrieved woman informs the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, that any term or condition of the settlement arrived at under sub-section (2) of Section 10 has not been complied with by the respondent, the Internal Committee or the Local Committee shall proceed to make an inquiry into the complaint or, as the case may be, forward the complaint to the police:

Provided further that where both the parties are employees, the parties shall, during the course of inquiry, be given an opportunity of being heard and a copy of the findings shall be made available to both the parties enabling them to make representation against the findings before the Committee.

(2) Notwithstanding anything contained in Section 509 of the Indian Penal Code (45 of 1860), the court may, when the respondent is convicted of the offence, order payment of such sums as it may consider appropriate, to the aggrieved woman by the respondent, having regard to the provisions of Section 15.

(3) For the purpose of making an inquiry under sub-section (1), the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall have the same powers as are vested in a civil court under the Code of Civil Procedure (5 of 1908), 1908 when trying a suit in respect of the following matters, namely:—

(a) summoning and enforcing the attendance of any person and examining him on oath;

(b) requiring the discovery and production of documents; and

(c) any other matter which may be prescribed.

(4) The inquiry under sub-section (1) shall be completed within a period of ninety days.

अध्याय 5

परिवाद की जांच

12. जाँच के लम्बित रहने के दौरान कार्यवाही.–(1) जाँच के लम्बित रहने के दौरान, व्यथित महिला द्वारा किए गये लिखित अनुरोध पर, आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति नियोजक से-

(क) व्यथित महिला और प्रत्यर्थी को किसी अन्य कार्यस्थल पर अन्तरित करना; या

(ख) तीन मास की अवधि तक व्यथित महिला को अवकाश प्रदान करना; या

(ग) व्यथित महिला को ऐसा अन्य अनुतोष प्रदान करने के लिए, जैसा कि विहित किया जाय, सिफारिश कर सकेगी।

(2) इस धारा के अधीन व्यथित महिला को प्रदत्त अवकाश उस अवकाश के अतिरिक्त होगा, जिसके लिए वह अन्यथा हकदार होगी।

(3) उपधारा (1) के अधीन आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, की सिफारिश पर, नियोजक उपधारा (1) के अधीन की गयी सिफारिशों को क्रियान्वित करेगा और ऐसे क्रियान्वयन् की रिपोर्ट आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, को भेजेगा।

13. जाँच रिपोर्ट.–(1) इस अधिनियम के अधीन जाँच पूरा करने पर, आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, नियोजक, या यथास्थिति, जिला अधिकारी को जाँच पूरा करने की तारीख से दस दिनों की अवधि के भीतर अपने निष्कर्ष की रिपोर्ट प्रदान करेगी और ऐसी रिपोर्ट सम्बद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करायी जाय।

(2) जहाँ आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि प्रत्यर्थी के विरुद्ध अभिकथन साबित नहीं किया गया है, वहाँ वह नियोजक और जिला अधिकारी से सिफारिश करेगा कि कोई कार्यवाही उस ढंग में किए जाने के लिए अपेक्षित नहीं है।

(3) जहाँ आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, इस निष्कर्ष पर आती है कि प्रत्यर्थी के विरुद्ध अभिकथन साबित किया गया है, वहाँ वह नियोजक या जिला अधिकारी, यथास्थिति, से-

(i) लैंगिक उत्पीड़न के लिए प्रत्यर्थी को लागू सेवा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार अवचार के रूप में कार्यवाही करने या जहाँ कोई ऐसी सेवा नियमावली में निर्मित नहीं की गयी है, वहाँ ऐसे ढंग में कार्यवाही करने, जैसा कि विहित किया जाय,

(ii) प्रत्यर्थी को लागू सेवा नियमावली में किसी चीज के होते हुए, प्रत्यर्थी के वेतन या मजदूरी से ऐसी धनराशि की कटौती करने, जिसे वह व्यथित महिला या उसके विधिक उत्तराधिकारियों को भुगतान किए जाने के लिए समुचित समझे, जैसा कि वह धारा 15 के प्रावधानों के अनुसार अवधारित किया जाय, सिफारिश कर सकेगा:

परन्तु यदि नियोजक कर्तव्य या नियोजन की समाप्ति से उसके अनुपस्थित होने के कारण प्रत्यर्थी के वेतन से ऐसी कटौती करने में असमर्थ हैं, तो वह नियोजक को व्यथित व्यक्ति से ऐसी धनराशि का भुगतान करने के लिए निर्देश दे सकेगा:

परन्तु यह और कि यदि प्रत्यर्थी खण्ड (ii) में निर्दिष्ट धनराशि का भुगतान करने में असफल रहता है, तो आन्तरिक समिति या, यथास्थिति, स्थानीय समिति सम्बद्ध जिला अधिकारी को भूराजस्व के बकाये के रूप में धनराशि की वसूली के लिए आदेश दे सकेगा।

CHAPTER V

Inquiry into Complaint

12. Action during pendency of inquiry.—(1) During the pendency of an inquiry, on a written request made by the aggrieved woman, the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, may recommend to the employer to—

(a) transfer the aggrieved woman or the respondent to any other workplace; or

(b) grant leave to the aggrieved woman up to a period of three months; or

(c) grant such other relief to the aggrieved woman as may be prescribed.

(2) The leave granted to the aggrieved woman under this section shall be in addition to the leave she would be otherwise entitled.

(3) On the recommendation of the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, under sub-section (1), the employer shall implement the recommendations made under sub-section (1) and send the report of such implementation to the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be.

13. Inquiry report.—(1) On the completion of an inquiry under this Act, the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall provide a report of its findings to the employer, or as the case may be, the District Officer within a period of ten days from the date of completion of the inquiry and such report be made available to the concerned parties.

(2) Where the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, arrives at the conclusion that the allegation against the respondent has not been proved, it shall recommend to the employer and the District Officer that no action is required to be taken in the matter.

(3) Where the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, arrives at the conclusion that the allegation against the respondent has been proved, it shall recommend to the employer or the District Officer, as the case may be—

(i) to take action for sexual harassment as a misconduct in accordance with the provisions of the service rules applicable to the respondent or where no such service rules have been made, in such manner as may be prescribed;

(ii) to deduct, notwithstanding anything in the service rules applicable to the respondent, from the salary or wages of the respondent such sum as it may consider appropriate to be paid to the aggrieved woman or to her legal heirs, as it may determine, in accordance with the provisions of Section 15:

Provided that in case the employer is unable to make such deduction from the salary of the respondent due to his being absent from duty or cessation of employment it may direct to the respondent to pay such sum to the aggrieved woman:

Provided further that in case the respondent fails to pay the sum referred to in clause (ii), the Internal Committee or, as the case may be, the Local Committee may forward the order for recovery of the sum as an arrear of land revenue to the concerned District Officer.

(4) नियोजक या जिला अधिकारी उसके द्वारा उसकी प्राप्ति के साठ दिनों के भीतर सिफारिश पर कार्यवाही करेगा।

14. मिथ्या या विद्वेषपूर्ण परिवाद और मिथ्या साक्ष्य के लिए दण्ड.–(1) जहाँ आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि प्रत्यर्थी के विरुद्ध अभिकथन विद्वेषपूर्ण है या व्यथित महिला या परिवाद करने वाले किसी अन्य व्यक्ति ने परिवाद को मिथ्या होना जानते हुए उसे किया है या व्यथित महिला अथवा परिवाद करने वाले कसी अन्य व्यक्ति ने कूटरचित या भ्रामक दस्तावेज पेश किया है, तो वह नियोजक या जिला अधिकारी, यथास्थिति से महिला या व्यक्ति के विरूद्ध, जिसने धारा 9 की उपधारा (1) या उपधारा (2), यथास्थिति, के अधीन परिवाद किया है, उसको लागू सेवा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार या जहाँ कोई ऐसी सेवा नियमावली विद्यमान नहीं है, ऐसे ढंग में, जैसा कि विहित किया जाय, के अनुसार कार्यवाही करने की सिफारिश कर सकेगी:

परन्तु परिवाद को प्रमाणित करने या पर्याप्त सबूत प्रदान करने की मात्र असफलता इस धारा के अधीन परिवादी के विरुद्ध कार्यवाही करने को आवश्यक नहीं बनाती:

परन्तु यह और कि परिवादी की ओर से विद्वेषपूर्ण आशय किसी कार्यवाही की सिफारिश किए जाने के पूर्व विहित प्रक्रिया के अनुसार जाँच के पश्चात् साबित की जायेगी।

(2) जहाँ आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि जाँच के दौरान किसी साक्षी ने मिथ्या साक्ष्य दिया है या कोई कूटरचित या भ्रामक दस्तावेज पेश किया है, तो वह साक्षी के नियोजक या जिला अधिकारी, यथास्थिति, से उक्त साक्षी को लागू सेवा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार या जहाँ कोई ऐसी सेवा नियमावली विद्यमान नहीं है, वहाँ ऐसे ढंग में, जैसा कि विहित किया जाय, कार्यवाही करने की सिफारिश करेगा।

15. प्रतिकर का अवधारण.–धारा 13 की उपधारा (3) के खण्ड (ii) के अधीन व्यथित महिला को भुगतान की जाने वाली धनराशि को अवधारित करने के प्रयोजन के लिए, आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति,-

(क) व्यथित महिला को कारित मानसिक आघात, दर्द व्यथा और भावनात्मक वेदना;

(ख) लैंगिक उत्पीड़न की घटना के कारण जीवनवृत्त अवसर में हानि;

(ग) शारीरिक या मानसिक चिकित्सा के लिए पीड़िता द्वारा उपगत चिकित्सीय खर्च;

(घ) प्रत्यर्थी की आय और वित्तीय प्रास्थिति;

(ङ) एकमुश्त या किश्तों में ऐसे भुगतान की साध्यता को ध्यान में रखेगा।

16. परिवाद और जाँच कार्यवाही की अन्तर्वस्तुओं के प्रकाशन या जानकारी देने का प्रतिषेध.–सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (2005 का 22), में अन्तर्विष्ट किसी चीज के होते हुए, धारा 9 के अधीन किये गये परिवाद की अन्तर्वस्तु, व्यथित महिला, प्रत्यर्थी और साक्षियों की शिनाख्त और पता, सुलह और जाँच कार्यवाही से सम्बन्धित कोई सूचना, आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, की सिफारिशें और इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नियोजक या जिला अधिकारी द्वारा की गयी कार्यवाही किसी ढंग में प्रकाशित नहीं की जायेगी, सामान्य जनता, समाचार प्रकाशक और समाचार माध्यम को संसूचित या ज्ञात नहीं करायी जायेगी:

(4) The employer or the District Officer shall act upon the recommendation within sixty days of its receipt by him.

14. Punishment for false or malicious complaint and false evidence.—Where the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, arrives at a conclusion that the allegation against the respondent is malicious or the aggrieved woman or any other person making the complaint has made the complaint knowing it to be false or the aggrieved woman or any other person making the complaint has produced any forged or misleading document, it may recommend to the employer or the District Officer, as the case may be, to take action against the woman or the person who has made the complaint under sub-section (1) or sub-section (2) of Section 9, as the case may be, in accordance with the provisions of the service rules applicable to her or him or where no such service rules exist, in such manner as may be prescribed:

Provided that a mere inability to substantiate a complaint or provide adequate proof need not attract action against the complaint under this section:

Provided further that the malicious intent on part of the complainant shall be established after an inquiry in accordance with the procedure prescribed, before any action is recommended.

(2) Where the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, arrives at a conclusion that during the inquiry any witness has given false evidence or produced any forged or misleading document, it may recommend to the employer of the witness or the District Officer, as the case may be, to take action in accordance with the provisions of the service rules applicable to the said witness or where no such service rules exist, in such manner as may be prescribed.

15. Determination of compensation.—For the purpose of determining the sums to be paid to the aggrieved woman under clause (ii) of sub-section (3) of section 13, the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall have regard to—

(a) the mental trauma, pain, suffering and emotional distress caused to the aggrieved woman;

(b) the loss in the career opportunity due to the incident of sexual harassment;

(c) medical expenses incurred by the victim for physical or psychiatric treatment;

(d) the income and financial status of the respondent;

(e) feasibility of such payment in lump sum or in instalments.

16. Prohibition of publication or making known contents of complaint and inquiry proceedings.—Notwithstanding anything contained in the Right to Information Act, 2005 (22 of 2005), the contents of the complaint made under Section 9, the identity and address of the aggrieved woman, respondent and witnesses, any in information relating to conciliation and inquiry proceedings, recommendations of the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, and the action taken by the employer or the District Officer under the provisions of this Act shall not be published, communicated or made known to the public, press and media in any manner:

परन्तु यह कि सूचना का प्रसार इस अधिनियम के अधीन लैंगिक उत्पीड़न की किसी पीड़िता को प्राप्त न्याय के सम्बन्ध में, नाम, पता, शिनाख्त या किसी अन्य विशिष्टियों को, जो व्यथित महिला और साक्षियों की शिनाख्त को निर्दिष्ट करने के लिए संगणित है, प्रकट किये बिना किया जा सकेगा।

17. परिवाद और जाँच कार्यवाही की अन्तर्वस्तुओं के प्रकाशन या ज्ञात कराने के लिए दण्ड.—जहाँ कोई व्यक्ति, जिसे इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन परिवाद, जाँच या किसी सिफारिश या की जाने वाली कार्यवाही को संचालित करने या निपटाने का कर्त्तव्य सौंपा गया है, धारा 16 के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, वहाँ वह उक्त व्यक्ति को लागू सेवा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार या जहाँ कोई ऐसी सेवा नियमावली विद्यमान नहीं है, ऐसे ढंग में जैसा कि विहित किया जाय, शास्ति के लिए दायी होगा।

18. अपील.—(1) धारा 13 की उपधारा (2) के अधीन या धारा 13 की उपधारा (3) के खण्ड (i) या खण्ड (ii) या धारा 14 की उपधारा (1) या उपधारा (2) या धारा 17 के अधीन की गयी सिफारिशों या ऐसी सिफारिशों के अक्रियान्वयन् से व्यथित कोई व्यक्ति न्यायालय या अधिकरण में उक्त व्यक्ति को लागू सेवा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार अपील दाखिल कर सकेगा या जहाँ कोई ऐसी नियमावली विद्यमान नहीं है, वहाँ तत्समय प्रवर्तित किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, व्यथित व्यक्ति ऐसे ढंग में अपील दाखिल कर सकेगा, जैसा कि विहित किया जाय।

(2) उपधारा (1) के अधीन अपील सिफारिशें नब्बे दिनों की अवधि के भीतर दाखिल की जायेगी।

अध्याय 6

नियोजक का कर्तव्य

19. नियोजक का कर्तव्य.—प्रत्येक नियोजक.—

(क) कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य करने का वातावरण प्रदान करेगा, जिसमें कार्यस्थल में सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति से सुरक्षा शामिल होगी;

(ख) कार्यस्थल में किसी सहजदृश्य स्थान पर लैंगिक उत्पीड़न के दाण्डिक परिणाम और धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन आन्तरिक समिति को गठित करने वाले आदेश को प्रदर्शित करेगा;

(ग) अधिनियम के प्रावधानों की कर्मचारियों को जानकारी देने के लिए नियमित अन्तराल पर कार्यशाला और जागरुकता कार्यक्रम और आन्तरिक समिति के सदस्यों के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम ऐसे ढंग में आयोजित करेगा, जैसा कि विहित किया जाये;

(घ) आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, को परिवाद पर विचार करने और जाँच करने के लिए आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करेगा;

(ङ) आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, के समक्ष प्रत्यर्थी और साक्षियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने में सहायता देगा;

(च) आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति, को ऐसी सूचना उपलब्ध करायेगा, जैसा कि वह धारा 9 की उपधारा (1) के अधीन किये गये परिवाद को ध्यान में रखते हुए अपेक्षा करे;

(छ) महिला को सहायता प्रदान करेगा, यदि वह भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन अपराध के सम्बन्ध में परिवाद दाखिल करने का चुनाव करती है;

(ज) भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन कर्ता

Provided that information may be disseminated regarding the justice secured to any victim of sexual harassment under this Act without disclosing the name, address, identity or any other particulars calculated to lead to the identification of the aggrieved woman and witnesses.

17. Penalty for publication or making known contents of complaint and inquiry proceedings.—Where any person entrusted with the duty to handle or deal with the complaint, inquiry or any recommendations or action to be taken under the provisions of this Act, contravenes the provisions of Section 16, he shall be liable for penalty in accordance with the provisions of the service rules applicable to the said person or where no such service rules exist, in such manner as may be prescribed.

18. Appeal.—(1) Any person aggrieved from the recommendations made under sub-section (2) of Section 13 or under clause (i) or clause (ii) of sub-section (3) of Section 13 or sub-section (1) or sub-section (2) of Section 14 or Section 17 or non-implementation of such recommendations may prefer an appeal to the court or tribunal in accordance with the provisions of the service rules applicable to the said person or where no such service rules exist then, without prejudice to the provisions contained in any other law for the time being in force, the person aggrieved may prefer an appeal in such manner as may be prescribed.

(2) The appeal under sub-section (1) shall be preferred within a period of ninety days of the recommendations.

CHAPTER VI

Duties of Employer

19. Duties of employer.—Every employer shall

(a) provide a safe working environment at the workplace which shall include safety from the persons coming into contact at the workplace;

(b) display at any conspicuous place in the workplace, the penal consequences of sexual harassments; and the order constituting, the Internal Committee under sub-section (1) of Section 4;

(c) organise workshops and awareness programmes at regular intervals for sensitising the employees with the provisions of the Act and orientation programmes for the members of the Internal Committee in the manner as may be prescribed;

(d) provide necessary facilities to the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, for dealing with the complaint and conducting an inquiry;

(e) assist in securing the attendance of respondent and witnesses before the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be;

(f) make available such information to the Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, as it may require having regard to the complaint made under sub-section (1) of Section 9;

(g) provide assistance to the woman if she so chooses to file a complaint in relation to the offence under the Indian Penal Code (45 of 1860) or any other law for the time being in force;

(h) cause to initiate action, under the Indian Penal Code (45 of 1860) or any other law for the time being in force, against the perpetrator, or if

के विरुद्ध या यदि व्यथित महिला ऐसी वांछा करती है, जहाँ कर्ता कर्मचारी नहीं है, कार्यस्थल में कार्यवाही प्रारम्भ करायेगा, जिसमें लैंगिक उत्पीड़न की घटना घटी थी,

(झ) लैंगिक उत्पीड़न को सेवा नियमावली के अधीन अवचार मानेगा और ऐसे अवचार के लिए कार्यवाही प्रारम्भ करेगा,

(ञ) आन्तरिक समिति द्वारा रिपोर्ट को समय से पेश करने का निरीक्षण करेगा।

अध्याय 7

जिला अधिकारी का कर्तव्य और शक्तियाँ

20. जिला अधिकारी का कर्तव्य और शक्तियाँ.–जिलाधिकारी-

(क) स्थानीय समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के समय से पेश करने का निरीक्षण करेगा,

(ख) ऐसे उपाय करेगा, जो लैंगिक उत्पीड़न और महिलाओं के अधिकार पर जानकारी के सृजन के लिए गैर-सरकारी संगठनों को संलग्न करने के लिए आवश्यक हो।

अध्याय 8

प्रकीर्ण

21. समिति वार्षिक रिपोर्ट पेश करेगी.–(1) आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति, यथास्थिति प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में, ऐसे प्ररूप में और ऐसे समय पर, जैसा कि विहित किया जाय, वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी और उसे नियोजक और जिला अधिकारी के समक्ष पेश करेगी।

(2) जिला अधिकारी राज्य सरकार को उपधारा (1) के अधीन प्राप्त वार्षिक रिपोर्ट पर संक्षिप्त रिपोर्ट अग्रसारित करेगी।

22. नियोजक वार्षिक रिपोर्ट में सूचना को शामिल करेगा.–नियोजक अपने संगठन की वार्षिक रिपोर्ट में इस अधिनियम के अधीन दाखिल किये गये मामलों की संख्या, यदि कोई हो और उनके निस्तारण को अपनी रिपोर्ट में शामिल करेगा या जहाँ कोई ऐसी रिपोर्ट तैयार किये जाने के लिए अपेक्षित नहीं है, वहाँ जिला अधिकारी को मामलों, यदि कोई हो, की ऐसी संख्या की सूचना देगा।

23. समुचित सरकार क्रियान्वयन् का अनुवीक्षण करेगी और आंकड़ा रखेगी.–समुचित सरकार इस अधिनियम के क्रियान्वयन् का अनुवीक्षण करेगी और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सभी मामलों के सम्बन्ध में दाखिल किये गये और निस्तारित मामलों की संख्या पर आंकड़ा रखेगी।

24. समुचित सरकार अधिनियम को प्रचारित करने के लिए उपाय करेगी.–समुचित सरकार, वित्तीय और अन्य संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन-

(क) कार्यस्थल पर महिला के लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध संरक्षण के लिए प्रावधान करने वाले इस अधिनियम के प्रावधानों की सामान्य जनता को समझ प्रदान करने के लिए सुसंगत सूचना, शिक्षा, संसूचना और प्रशिक्षण सामग्री विकसित कर सकेगी और जानकारी कार्यक्रम आयोजित कर सकेगी,

(ख) [1][स्थानीय समिति] के सदस्यों के लिए अनुस्थापन और प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्मित करेगी।

25. सूचना मँगाने और अभिलेखों के निरीक्षण की शक्ति.–(1) समुचित सरकार, यह समाधान होने पर, कि कार्यस्थल पर सार्वजनिक हित में या महिला कर्मचारियों के हित में ऐसा करना आवश्यक है,

(क) लिखित में आदेश द्वारा-किसी कर्मचारी या जिला अधिकारी को लैंगिक उत्पीड़न से सम्बन्धित लिखित में ऐसी सूचना देने के लिए कह सकेगी, जैसा कि वह अपेक्षा करे,

1. निरसन एवं संशोधन अधिनियम 23 वर्ष 2016, दिनांक **6.5.2016** द्वारा शब्द "स्थानीय परिवाद समिति" प्रतिस्थापित, भारत का राजपत्र (असाधारण) सं. 26, भाग II खण्ड 1, दिनांक **9.5.2016** में प्रकाशित द्वितीय अनुसूची देखें।

the aggrieved woman so desires, where the perpetrator is not an employee, in the workplace at which the incident of sexual harassment took place;

(i) treat sexual harassment as a misconduct under the service rules and initiate action for such misconduct;

(j) monitor the timely submission of reports by the Internal Committee.

CHAPTER VII

Duties and Powers of District Officer

20. Duties and Powers of District Officer.—The District Officer shall,—

(a) monitor the timely submission of reports furnished by the Local Committee;

(b) take such measures as may be necessary for engaging non-governmental organisations for creation of awareness on sexual harassment and the rights of the women.

CHAPTER VIII

Miscellaneous

21. Committee to submit annual report.—(1) The Internal Committee or the Local Committee, as the case may be, shall in each calendar year prepare, in such form and at such time as may be prescribed, an annual report and submit the same to the employer and the District Officer.

(2) The District Officer shall forward a brief report on the annual reports received under sub-section (1) to the State Government.

22. Employer to include information in annual report.—The employer shall include in its report the number of cases filed, if any, and their disposal under this Act in the annual report of his organisation or where no such report is required to be prepared, intimate such number of cases, if any, to the District Officer.

23. Appropriate Government to monitor implementation and maintain data.—The appropriate Government shall monitor the implementation of this Act and maintain data on the number of cases filed and disposed of in respect of all cases of sexual harassment at workplace.

24. Appropriate Government to take measures to publicise the Act.—The appropriate Government may, subject to the availability of financial and other resources,—

(a) develop relevant information, education, communication and training materials, and organise awareness programmes, to advance the understanding of the public of the provisions of this Act providing for protection against sexual harassment of woman at workplace.

(b) formulate orientation and training programmes for the members of the [1][Local Committee].

25. Power to call for information and inspection of records.—(1) The appropriate Government, on being satisfied that it is necessary in the public interest or in the interest of women employees at a workplace to do so, by order in writing,—

(a) call upon any employer or District Officer to furnish in writing such information relating to sexual harassment as it may require;

1. *Subs.* the word "Local Complaints Committee" by Repealing and Amending Act 23 of 2016, dated **6.5.2016,** *vide* Second Schedule, published in Gazette of India (Ex. Ord.) No. 26 Part II Sec. 1, dated **9.5.2016.**

(ख) किसी अधिकारी को लैंगिक उत्पीड़न के सम्बन्ध में अभिलेखों और कार्यस्थल का निरीक्षण करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगी, जो उसको ऐसे निरीक्षण की रिपोर्ट ऐसी अवधि के भीतर देगा, जैसा कि आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाय।

(2) प्रत्येक नियोजक और जिला अधिकारी निरीक्षण करने वाले अधिकारी के समक्ष माँग पर उसकी अभिरक्षा में सभी सूचना, अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों को पेश करेगा, जिसका ऐसे निरीक्षण की विषयवस्तु पर प्रभाव है।

26. अधिनियम के प्रावधानों के अननुपालन के लिए शास्ति.–(1) जहाँ नियोजक-

(क) धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन आन्तरिक समिति का गठन करने;

(ख) धारा 13, 14 और 22 के अधीन कार्यवाही करने, में असफल रहता है; और

(ग) इस अधिनियम के अन्य प्रावधानों या उसके अधीन निर्मित नियमावली का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने का प्रयत्न करता है या उल्लंघन का दुष्प्रेरणा करता है,

वह जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास हजार रुपये तक का हो सकेगा।

(2) यदि कोई कर्मचारी, इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराध के पहले दोषसिद्ध किये जाने के पश्चात्, बाद में उसी अपराध को कारित करता है और दोषसिद्ध किया जाता है, तो वह-

(i) उसी अपराध के लिए उपबन्धित अधिकतम होने वाले दण्ड के अध्यधीन दोहरे दण्ड, जो प्रथम दोषसिद्धि पर अधिरोपित किया जा सकता था:

परन्तु यह कि यदि अपराध के लिए, जिसके लिए अभियुक्त अभियोजित किया जा रहा है, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन उच्चतर दण्ड विहित किया जाता है, तो न्यायालय दण्ड प्रदान करते समय उसका सम्यक् संज्ञान लेगा;

(ii) उसके कारोबार या क्रियाकलाप को करने के लिए अपेक्षित उसकी अनुज्ञप्ति के रद्दकरण, रजिस्ट्रीकरण के वापस लेने या अनवीकरण या अनुमोदन या रद्दकरण, यथास्थिति, के लिए दायी होगा।

27. न्यायालयों द्वारा अपराध का संज्ञान.–(1) कोई न्यायालय इस अधिनियम या इसके अधीन निर्मित किसी नियमावली के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का संज्ञान व्यथित महिला या इस निमित्त आन्तरिक समिति या स्थानीय समिति द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा किये गये परिवाद पर ही लेगा, अन्यथा नहीं।

(2) महानगर मजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय से भिन्न कोई न्यायालय इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का विचारण नहीं करेगा।

(3) इस अधिनियम के अधीन प्रत्येक अपराध **असंज्ञेय** होगा।

28. अधिनियम किसी अन्य विधि के अल्पीकरण में.–इस अधिनियम के प्रावधान तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अतिरिक्त होगा और अल्पीकरण में नहीं होगा।

29. समुचित सरकार की नियम निर्मित करने की शक्ति.–(1) केन्द्रीय सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रावधानों को क्रियान्वित करने के लिए नियम निर्मित कर सकेगी।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्न मामलों में से सभी या किसी के लिए प्रावधान कर सकेंगे, अर्थात्-

(क) धारा 4 की उपधारा (4) के अधीन सदस्यों को भुगतान की जाने वाली फीस या भत्तों;

(b) authorise any officer to make inspection of the records and workplace in relation to sexual harassment, who shall submit a report of such inspection to it within such period as may be specified in the order.

(2) Every employer and District Officer shall produce on demand before the officer making the inspection all information, records and other documents in his custody having a bearing on the subject matter of such inspection.

26. Penalty for non-compliance with provisions of Act.—(1) Where the employer fails to—

(a) constitute an Internal Committee under sub-section (1) of Section 4;

(b) take action under Sections 13, 14 and 22; and

(c) contravenes or attempts to contravene or abets contravention of other provisions of this Act or any rules made thereunder,

he shall be punishable with fine which may extend to fifty thousand rupees.

(2) If any employer, after having been previously convicted of an offence punishable under this Act subsequently commits and is convicted of the same offence, he shall be liable to—

(i) twice the punishment, which might have been imposed on a first conviction, subject to the punishment being maximum provided for the same offence:

Provided that in case a higher punishment is prescribed under any other law for the time being in force, for the offence for which the accused is being prosecuted, the court shall take due cognizance of the same while awarding the punishment;

